परेशानी — घना कोहरा बना वाहन चालकों के लिए मुसीबत

# जबलपुर-कटंगी रोड पर घना कोहरा





**नवभारत, बेलखाडू।** जबलपुर-कटंगी मार्ग पर सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर भारी वाहनों और तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के लिए यह स्थिति बेहद जोखिम भरी बनी हुई है।

कोहरे के चलते कई वाहन हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। सड़क किनारे लगे पेड़ और सामने से आने वाले वाहन अचानक दिखाई देने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कोहरे के कारण छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन और यातायात विभाग से मांग की जा रही है कि कोहरे के मौसम को देखते हुए सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, साथ ही वाहन चालकों को भी सावधानी बरतने की अपील की जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि कोहरे में वाहन चलाते समय कम गति, फॉग लाइट और सुरक्षित दूरी बेहद जरूरी है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके



## सिहोरा महाविद्यालय में कैंपस ड्राइव का आयोजन

**सिहोरा, नवभारत।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्सिस बैंक और एनआईआईटी द्वारा केंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। यहां आयोजन महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विक्रांत सिंह एनआईआईटी एसोसिएट टीम लीडर श्रीमती मनीष चौबे एवं रत्नेश चौबे एम डी, होप,एनआईआईटी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुदेश मेहरौलिया मंचसीन रहे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से श्री विक्रांत सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप में प्लेसमेंट संबंधी जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात श्रीमती मनीषा चौबे एवं रत्नेश चौबे द्वारा साक्षात्कार के माध्यम भर्ती के अवसर प्राप्त करने पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को भविष्य में बैंकिंग के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में महाविद्यालय द्वारा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मेहरोलिया ने समय पर रोजगार संबंधी कार्यक्रमों में अधिकतम संख्या में छात्र-छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

इससे केंपस ड्राइव में लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन करवा कर सहभागिता दी।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ मीनाक्षी सौभरि द्वारा किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ धीरेन्द्र बघेल,डॉ पूजा चौकसे, सुश्री भाव्या विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## अशोक पांडे अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित



**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय जबलपुर जोन में पदस्थ उप निरीक्षक अशोक पांडे को पुलिस विभाग में उनकी अति उत्कृष्ट सेवाओं के लिए *अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। पूर्व में भी पुलिस विभाग में सराहनीय सेवाओं के लिए इन्हें पुलिस महानिदेशक के डीजीसीआर डिस्क एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।

श्री पांडे की उपलब्धि पर पुलिस प्रशासन, परिवारजनों एवं मित्रों आदि ने शुभकामनाएं दीं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अशोक पांडे ने 1987 से पुलिस विभाग में भर्ती होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी में अपनी सेवाएं दी हैं एवं वर्तमान में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय जबलपुर जोन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं एवं सेवाकाल के दौरान अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं।

### संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन आज

**जबलपुर।** शहर के विकास और जन-कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए 'संकल्प से समाधान' योजना अंतर्गत आज संभाग- 12 घंटाघर के महर्षि अरविंद वार्ड अंतर्गत कंजर मोहल्ला बेलबाग पार्षद कार्यालय के पास शिविर का आयोजन किया गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने हितग्राहियों से शिविर में उपस्थित की अपील की है।

### पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रदीप कोल का निधन

**पनागर।** विवेकानंद वार्ड निवासी



प्रदीप कोल का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया अंतिम संस्कार बम्हनौदा रोड पास शमशान घाट पर किया गया।

## 21 दिवसीय ट्रेनिंग वैज्ञानिकों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी : कुलपति

▸ जेएनकेविवि में नवाचार विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में सतत खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

विवि के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग के अंतर्गत एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर द्वारा आयेजित प्रशिक्षण का उद्घाटन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला की अध्यक्षता में किया





गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी. आर. शर्मा और अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 21 दिवसीय यह ट्रेनिंग वैज्ञानिकों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। देशभर से आए आप सभी प्रशिक्षाणार्थी यहां से जो कुछ भी सीख कर जाए, अपने-अपने क्षेत्रों के कृषकों को मृदा स्वास्थ्य एवं टिकाऊ खेती के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण में माइकोबायोम इंजीनियरिंग, बायोइन्फॉर्मेटिक्स और सटीक कृषि किस प्रकार मिट्टी और उसकी स्थिरता में सुधार कर सकते हैं। ऐसे विभिन्न बिंदुओं को लेकर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन विषय समन्वय डॉ. बी.एस. द्विवेदी और आभार प्रदर्शन विषय सह समन्वयक डॉ. जी. एस. टैगोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. वाय.एम.शर्मा, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. आर. के. साहू, डॉ. एफसी अमूले, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. शैलू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**नवभारत, जबलपुर।** गुरूवार को महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन जबलपुर में कक्षा 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पाण्डेय के कुशल दिशा निर्देश एवं विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राहुल जैन के मार्गदर्शन में समस्त शिक्षकों एवं कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग कार्यक्रम आशीर्वचन एवं विदाई भोज का आयोजन किया गया।





इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दरअसल ये आपकी विद्यालय से विदाई नहीं वरन् विद्यालय परिवार की ओर से आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सभी की ओर से आशीर्वाद का उपहार जिसकी स्मृति, प्रेरणा एवं गर्मजोशी कभी धूमिल नहीं होगी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका नेहा दुबे ने विदाई भाषण में कहा कि विद्यार्थी तरक्की करें और खुश रहें यही हम शिक्षकों के जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है और हम सब केवल विद्यार्थियों के सफल और सुखद जीवन के आकांक्षी हैं। रंगारंग प्रस्तुतियों एवं विदाई भोज के बाद विदाई समारोह बच्चों के विद्यालय छूटने के दुख और भविष्य गढ़ने के उत्साह एवं खुशी के मिले-जुले वातावरण में संपन्न हुआ।

## लुटेरों समेत खरीद-फरोख्त करने वाले गिरफ्तार



**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने दो लुटेरों समेत लूटे गए माल की खरीद-फरोख्त में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। झपटे हुये 6 मोबाईल एवं मोबाईल बेचने पर मिले रूपयो में से शेष बचे नगद 2 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त की गई है।

पकड़े गए आरोपियों में अदनान अंसारी पिता अकरम अंसारी 21 वर्ष निवासी किलकारी गार्डन के पास थाना हनुमानताल,अमन अंसारी उर्फ समीर मंडा पिता आमीन अंसारी 22 वर्ष निवासी किलकारी गार्डन हनुमानताल, अफजल पिता मो. इकबाल 22 वर्ष निवासी नबाम्बे स्कूल के पास कटरा थाना आधारताल, शानू उर्फ इमरान अंसारी पिता ईरानी अंसारी 20 वर्ष निवासी नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम हनुमानताल, गुड्डू उर्फ समशाद अंसारी पिता गुलाम मोहम्मद 24 वर्ष निवासी रद्दी चौकी गोहलपुर शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक शुभांगी यादव निवासी कैंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 फरवरी को भंवरताल गार्ड के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टामार कर उसका मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर पीली कोठी के पास दबिश देते हुये अमन अंसारी एवं अदनान अंसारी को पकड़ा गया जिन्होंने पूछताछ करने पर भंवरताल गार्डन के पास एक लडकी से एक मोबाइल, ग्वारीघाट से नर्मदा जयंती पर दो व्यक्तियों से 2 मोबाईल झपटना एवं 6 नंबर प्लेटफार्म रेल्वे स्टेशन जबलपुर के पास से 3 अलग अलग व्यक्तियो से 3 मोबाईल झपटना स्वीकार किए। इसके साथ ही पूछताछ में झपटे गये मोबाईल अपने साथी शानू उर्फ इमरान अंसारी एवं मोहम्मद अफजल की मदद से गुड्डू उर्फ शमशाद अंसारी को बेचना एवं बेचने पर मिले नगदी रूपये आपस में बांट लेना बताये। इसके बाद शानू उर्फ इमरान अंसारी एवं मोहम्मद अफजल, गुड्डू उर्फ शमशाद अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से झपटे हुये कुल 6 मोबाईल कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रुपये के एवं घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्पलेंडर मोटर साईकल, मोबाईल बेचकर प्राप्त हुये रूपयों में से शेष बचे नगद 2000 रुपये जप्त कर सभी को न्यायालय पेश कर भेज दिया गया।

## पुरातत्व संस्था की बाल ब्रान्ड एम्बेसडर बनीं आराध्या

**नवभारत, जबलपुर।** कला संस्कृति शिक्षा, पर्यावरण,इतिहास एवं पुरातत्व आदि विविध क्षेत्रों में क्रियाशील संस्था हावी एंड कलेक्शन द्वारा पुरातत्व सामग्री संचय को प्रोत्साहन देने के लिए विचार संगोष्ठी का आयोजन सोनाली मढ़ाताल में किया गया। जिसमें स्माल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की विद्यार्थी कु.आराध्या तिवारी प्रियम को बाल एम्बेसडर मनोनीत करते हुए उनको प्रमाणपत्र, मैडल प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभात साहू पूर्व महापौर थे। अध्यक्षता राजेश पाठक प्रवीण ने की। समारोह में राजेन्द्र मिश्रा,विजय नेमा,राजीव गुप्ता, प्रतिमा अखिलेश,डॉ. सलमा जमाल, डॉ.मुकुल तिवारी,रजनी कोठारी, प्रभा शील ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन संतोष नेमा संतोष ने एवं आभार संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने व्यक्त किया। इस मौके पर प्रीति नामदेव, वंदना सोनी, ज्योति प्यासी, अनुदित साज, सुवीर श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक, रमाकान्त गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया।



## विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत दूर करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत दूर करें। याचिकाकर्ता बुधनी निवासी कलावती की ओर से अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता स्वण् राम निवास बैगा एसईसीएल में स्थायी कर्मी थे। धनपुरी यूजी कोलियरी में हेल्पर के पद पर पदस्थ रहने के दौरान 12 सितंबर, 2005 को उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद 30 अप्रैल 2008 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया। जिसके साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए थे। इसके बावजूद अधिकारियों ने आवेदन को बेवजह लंबित रखा है। बाद में अनुकंपा नियुक्ति देने से इन कारण के साथ इनकार कर दिया गया कि आवेदिका हकदार नहीं है। इसी रवैये से तंग आकर हाईकोर्ट की शरण ली गई। हाईकोर्ट ने आवेदन का गुण-दोष के साथ निराकरण करने के निर्देश देकर याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

## जिला स्तरीय ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**जबलपुर।** पशुओं में नस्ल सुधार को लेकर गुरुवार को उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी कार्यालय में आयोजित की गई जिला स्तरीय ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक में सदस्यों को भैसों में कृत्रिम गर्भाधान पर विस्तृत जानकारी दी गई। उप संचालक पशुपालन डॉ प्रफुल्ल मून ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये ब्रीडर प्रकोष्ठ के सदस्यों को सेक्स सॉर्टेड सीमन पर प्रकाश डालते हुये इससे दुग्ध उत्पादन में बढोतरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि जैसे होने वाले लाभ से अवगत कराया। बैठक में ब्रीडर प्रकोष्ठ के सदस्यों ने बछड़ा पालन एवं बछड़ा मृत्यु दर को कम करने पशु पालन विभाग से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। ब्रीडर प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद सभी अशासकीय सदस्यों ने कहा कि वे पशु प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान जैसी उच्च तकनीकी को पशुपालन की गतिविधियों में शामिल करेंगे। बैठक में डॉ हेमलता जैन, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ संजय गुप्ता, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी जबलपुर डॉ विष्णु गुप्ता तथा अशासकीय सदस्यों में वैभव तिवारी, राकेश केशवानी एवं विनय सिंह मौजूद थे।



प्रभाव — ग्रहण का प्रभाव पांच राशियों की किस्मत बदल देगा

## 17 फरवरी को रहेगा साल का पहला सूर्यग्रहण



**जबलपुर, नवभारत।** महाशिवरात्रि के दो दिन बाद साल का पहला सूर्यग्रहण पड़ने वाला है। यह सूर्यग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा लेकिन ज्यातिषशास्त्रियों के मुताबिक इस ग्रहण का प्रभाव पांच राशियों की किस्मत बदल देगा। ज्योतिषशास्त्री पंडित कामता प्रसाद तिवारी के मुताबिक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के ठीक दो दिन बाद 17 फरवरी को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण कुंभ राशि और धनिष्ठा नक्षत्र में लगेगा। ज्योतिषविदों के अनुसार यह ग्रहण कुछ खास राशियों के लिए भाग्य बदलने वाला साबित हो सकता है।

भारत में इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा, लेकिन ज्योतिषीय दृष्टिकोण से ग्रहों की चाल का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। धर्म-कर्म में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए यह जानना जरूरी है कि उनके निवेश और करियर पर इसका क्या असर होगा।

### इन राशियों की चमकेगी किस्मत

मेष राशि वालों के लिए यह ग्रहण करियर में उन्नति के नए अवसर लेकर आएगा। नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति मिल सकती है और व्यापारियों का मुनाफा दोगुनी रफ्तार से बढ़ने के योग हैं। वही मिथुन राशि वालो कि आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। विशेषकर खेलकूद से जुड़े लोगों के लिए यह समय स्वर्णिम रहने वाला है। सिंह राशि नौकरी में इन्क्रीमेंट और पदोन्नति की संभावनाएं प्रबल हैं। व्यापार में कोई बड़ी और महत्वपूर्ण डील फाइनल हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और स्वास्थ्य में सुधार होगा और तुला राशि वालो का रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे। नई संपत्ति या वाहन खरीदने का सुख प्राप्त हो सकता है।

## नम्रता विश्वकर्मा बनीं समाज कल्याण सेवा संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**नवभारत, जबलपुर।** सारथी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। इस क्रम में नम्रता विश्वकर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा (नारी शक्ति) के पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन की राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा विश्वकर्मा, मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार श्री राजबहादुर विश्वकर्मा तथा संगठन महामंत्री राजेश विश्वकर्मा ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि नम्रता विश्वकर्मा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।



## जुआ फड़ों पर छापा, 22 जुआरी धराए

**जबलपुर।** तीन थानों की पुलिस ने जुआ फड़ों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 22 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाइयां घमापुर, बरगी, पनागर पुलिस ने की है।

घमापुर पुलिस ने बताया कि न्यू कछियाना मोहल्ला में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत दाव लगाकर जुआ खेल रहे विवेक रैकवार निवासी घमापुर, तन्नू उर्फ प्रदीप नहार निवासी लालमाटी, अभिषेक ठाकुर निवासी चांदमारी, मनीष ठाकुर निवासी सिद्धबाबा, साहिल ललपुरहा निवासी कछियाना, करन चौधरी निवासी घमापुर, दिनेश उर्फ देवेन्द्र वंशकार निवासी गणेश चौक मरघटाई, आदित्य समुद्रे निवासी मंगलपराग मैदान, राहुल रैकवार निवासी नारायण चौक, मनोज यादव निवासी कछियाना, अंश बहेलिया, वरूण प्रजापति, दिनेश समुद्रे तीनों निवासी कछियाना को पकड़ा गया। जुआडियों एवं फड से नगद 2880 रूपये जप्त किए गए। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने बरोदा तालाब के पास दबिश देते हुये आकाश पटेल एवं अन्य 3 जुआडियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा जुआडियों एवं फड से नगद 1575 रूपये जप्त किए। बरगी पुलिस ने ग्राम जोगीधाना खेरमाई मंदिर के पास दबिश देते हुये महेन्द उर्फ ओमकार साहू एवं अन्य 4 जुआडियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडा जुआडियों एवं फड से नगद 710 रूपये जप्त करते हुये जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की।